छात्रों के लिए
परीक्षा के सम्बन्ध में
परम पूज्य श्री महाराज जी के मुखारविन्द से – – –

''आप सबने अपनी परीक्षा के लिए पूर्ण रुप से तैयारी कर ली है। नियमित रुप से आपकी revision भी हो गयी होगी। परीक्षा से दो घन्टे पहले आप पढ़ना बन्द कर दीजिए। अपने आपको पूरा relaxed रखें। केवल परमेश्वर का ध्यान करें व परम पिता पर पूरा भरोसा रखें। उस समय किसी से बात न करें, कोई topic discuss नहीं करना, कुछ पढ़ना नहीं– क्योंकि वही याद रहता है, पहला पढ़ा हुआ भूल जाता है। वह दो घंटे का मौन एवमं सिमरन आपकी एकाग्रता को बढ़ा देगा। प्रश्नपत्र पढ़ने से पहले परमेश्वर को नमस्कार करें। शान्त मन से परीक्षा देने से अध्यापक का कक्षा में पढ़ाया हुआ भी याद आ जाता है। और कभी कभी ऐसा लगता है जैसे कोई आपको answers dictate कर रहा है।

आपके पुरुषार्थ को परमेश्वर का आशीर्वाद मिले। परमेश्वर को अपने अंग संग समझकर परीक्षा में बैठो, आपको सफलता मिलेगी। राम कृपा करें।।''